**विधान परिषद के द्वितीय सत्र 2024 के प्रथम-गुरूवार हेतु निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-6 का उत्तर।**

-------------------------------------------------------------

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 6(क) | क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि जनपद-बाराबंकी के विकास खण्ड-निन्दुरा की ग्राम पंचायत-घुघंटेर में जो प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, लगभग 50 वर्षों से संचालित था बन्द करा दिया गया है? | जी हॉ। |
| (ख) | यदि हॉ, तो जो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र 5 कि0मी0 की दूरी पर स्थानान्तरित किया गया है, उसके अतिरिक्त क्षेत्रीय जनमानस की गम्भीर स्वास्थ्य समस्याओं के दृष्टिगत उक्त जर्जर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की पुर्नस्थापना करायेंगे ? | जनपद बाराबंकी के विकास खण्ड-निन्दूरा की ग्राम पंचायत-घुंघटेर में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को वर्ष 2009-2010 में उच्चीकृत करते हुए लगभग 2.5 से 3.00 किमी0 की दूरी पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित कर चिकित्सीय सेवायें प्रदान की जा रही है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र घुंघटेर के परिसर में ही आयुष्मान आरोग्य मंदिर भी संचालित है, जिससे क्षेत्रीय जनमानस को चिकित्सकीय सुविधा का लाभ प्रदान किया जा रहा है। अतः उक्त जर्जर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की पुनर्स्थापना किये जाने का अवसर नहीं है। |
| (ग) | यदि हॉ, तो कब तक ? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (घ) | यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

**ब्रजेश पाठक**

उप मुख्यमंत्री।